FYBA Hindi - I 27/11/2017
Sem - I (old)

Q.P. Code : 01047

[समय: तीन घन्टे] [कुल अंक:१००]

Please check whether you have got the right question paper.

प्र.1 निम्नलिखित अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए:- (24)

1) "आज मंगली की स्थिति होटेल के 'सेफ' की तरह हो गयी । अचानक महत्व मिलने पर वह कुछ हडबडायी । आज उसे खाना पकाना है । किसके लिए, उसे नहीं मालूम, पर आज उसकी जरुरत महसूस हुई, इससे उसे बहुत अच्छा लगा ।"

अथवा

"हाँ, ब्राम्हण हूँ... तो क्या इसीलिए गौतम को पंडाल में सबसे पीछे बैठने के लिए बाध्य करूँ...नहीं नटराजन जी...... इस मन्दिर को खड़ा करने में उसका भी हाथ है..... यह मन्दिर उसका भी है.... वह वहाँ से नहीं उठेगा, इतना समझ लीजिए नटराजन जी ।"

2) "उस पुरस्कार में मेरा हिस्सा कहाँ है? मुझे हरिजनोध्दार के लिए रूपया चाहिए । में तो बनिया हूँ, पैसा इकट्ठा करना जानता हूँ ।"

अथवा

"अब मुझ जैसे लोगों के कर कमल बना दिये गये हैं । सार्वजानिक जिन्दगी में एक ऐसा वक्त आता है जब आदमी कमल हो जाता है । फिर ऐसा वक्त आता है जब कमल पर जूते पड़ते है !"

प्र.2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (30)

1) 'आँसुओं की होली' कहानी में होली के दिन घटी घटना का विस्तार से वर्णन कीजिए ।

अथवा

'निर्वासित' कहानी के बुजुर्ग दंपत्ति की विवशता का चित्रण अपने शब्दों में कीजिए ।

2) प्रेमचंद्र के आरंभिक जीवन के संघर्षों का चित्रण 'मेरा जीवन' आत्मवृत्त के माध्यम से किस प्रकार किया गया है?

अथवा

नीलकंठ और राधा की दुखद प्रेमकहानी पर प्रकाश डालिए ।

पीछे देखिए......

F.Y.B.A.
27/11/17
3 to 6
page 2

Hin-I (Old)
Sem I

16

Q.P. Code : 01047

प्र.3 निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए:-

1) 'सच बोलने की भूल' कहानी में संकट में फँसे लेखक को किसान की झोपड़ी में कैसा अनुभव मिलता है? स्पष्ट कीजिए. (15)

अथवा

2) 'कुरीति तोडो, परिवार नहीं' पत्र में निहित संदेश को अपने शब्दों में लिखिए।

प्र.4 निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए:-

1) 'जूते' कहानी का मनोहर। (16)

अथवा

'जंगल' कहानी का पियूष।

2) महात्मा गांधी का समय नियोजन।

अथवा

'कर कमल हो गए' रचना का व्यंग्य।

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के **एक वाक्य** में उत्तर लिखिए:-

1) कमला बाबू जयदेवशरण वर्मा से विवाह के लिए इन्कार क्यों करती है? (15)
2) श्रीविलास के मित्र का क्या नाम था?
3) सच बोलने की भूल किसने की थी?
4) मनोहर को बच्ची की कौनसी वस्तु प्रिय थी?
५) 'जंगल' कहानी की लेखिका का नाम लिखिए।
6) मुख्यमंत्री का मनपसंद भोजन क्या था?
7) शिरोड़कर ने खाली जमीन पर क्या बनवाने का प्रस्ताव रखा?
8) अम्मा और बाबूजी किसके यहाँ रहने आते हैं?
9) किसकी कहानियों में "सिडीशन" भरा हुआ था?
10) कुब्जा एक साथ किसे नहीं देखना चाहती थी?
11) नीलकंठ की प्रेमिका का क्या नाम था?
12) 'कर कमल हो गए' व्यंग्य के लेखक कौन हैं?
13) 'महात्मा गांधी' किस विधा की रचना है?
14) समय का सबसे बड़ा सर्वेक्षक किसे कहा गया है?
15) दहेज उत्पीडन की रिपोर्ट पहले कहाँ दर्ज कराई जाती है?

-----x-----x--------